

एक नजर में

## डॉ . कनु बड़ोले की बुक प्रकाशित-विमोचन



**बड़वानी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ कनु बड़ोले भौतिक शास्त्र विभाग में कार्यरत है। उन्होंने संघनित पदार्थ भौतिकी (कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स) पर एक बुक का प्रकशन किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ वीणा सत्य ने बुक का विमोचन किया। साथ ही भौतिकशास्त्र विभाग को बधाई दी। वहीं विभागाध्यक्ष डॉ रविंद्र बरडे द्वारा इस पुस्तक को भौतिकशास्त्र विद्यार्थियों बीएससी और एमएससी के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया गया है। इस अवसर पर डॉ आशा साखी गुप्ता, डॉ अर्पिता पटेल, महेंद्र गांवशींधे, दिनेश नरगावे आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## शिक्षक सोलंकी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**बड़वानी।** डिजिटल जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य गति से संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में शासकीय सांदीपनि विद्यालय तलवाड़ा बुजुर्ग के प्राथमिक शिक्षक रघुवीर सोलंकी ने उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। सोलंकी ने उन्हें आवंटित गणना ब्लॉक के अंतर्गत मकान सूचीकरण के कार्य को महज 5 दिन की अल्पावधि में पूर्ण कर लिया है। संपूर्ण जिले में सबसे पहले इस कार्य को त्रुटिरहित संपन्न करने की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन द्वारा उनका उत्साहवर्धन किया गया। कलेक्टर जयति सिंह ने रघुवीर सोलंकी को विशेष रूप से सम्मानित किया। कलेक्टर ने अन्य प्रगणकों और अधिकारियों के लिए इसे एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे गणना कार्य के लिए आने वाले कर्मियों को सही जानकारी देकर इस अभियान में सहयोग करें।

## कलेक्टर ने स्वीकृत की आर्थिक सहायता राशि

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त जयति सिंह ने टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना अंतर्गत पुराना एबी रोड़ विजय राठौड़ के मकान के सामने ठीकरी में 12 जुलाई 2023 को घोर उपहति हुई रूपखेड़ा निवासी हिरालाल पिता ग्यारसीलाल को प्रतिकर के रूप में 50 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

# सीवरेज योजना में ठेकेदार की मनमानी, सड़कें बदहाल

**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर के मुख्य मार्गों चल रही सीवरेज परियोजना ठेकेदार की मनमानी का शिकार हो गई है। नगर पालिका ने कई बार बैठक बुलाकर और नोटिस देकर काम पूरा करने और गुणवत्ता सुधारने को कहा। भाजपा और कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने भी मौके पर जाकर समझाइश दी, लेकिन ठेकेदार मनमर्जी कर रहा है। अधूरे काम और लापरवाही से शहरवासी परेशान हैं। एमजी मार्ग, महालक्ष्मी गेस्ट हाउस से रानीपुरा हनुमान मंदिर तक रिपेयरिंग तो हुई, लेकिन काम घटिया होने से सड़कें दब गई। जहां सुधार हुआ वहां से सीमेंट हटकर गिट्टी बाहर आ गई। बारिश में लोगों की दिक्कत बढ़ेगी।

कारंजा से बस स्टैंड तक हाल और खराब है। कई जगह चेंबर सड़क से नीचे तो कहीं ऊपर बने हैं। निर्माण अधूरा है व बैरिकेड्स से यातायात जाम हो रहा है। मोटी माता चौक, एमजी रोड और योगमाया मंदिर रोड पर बड़े गड्ढे हैं। नई सड़कों पर भी मेनहोल सड़क के स्तर पर नहीं बने, जिससे हादसों का डर है। महालक्ष्मी गेस्ट हाउस से योगमाया मंदिर होते हुए हनुमान मंदिर तक मस्जिद के सामने सड़क धंस गई है। गौतम पैलेस के सामने चेंबर 2.3 इंच नीचे है। नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है।



योगमाया मंदिर चौराहे पर खुदाई के बाद यह जगह एक्सीडेंट प्वाइंट बन गई। यहां से बावनगजा रोड, भवति रोड, नेमीनाथ नगर कॉलोनी की तरफ वाहन निकलते हैं। सीरवी मोहल्ला में रामलाल मुकाती के घर के सामने चेंबर धंस गया है। तेज गति वाहन गिरा तो हादसा तय है। हनुमान मंदिर चौराहा और रणजीत चौक पर काम अधूरा है। रणजीत चौक से साखी ज्वेलर्स तक पूरा डामर रोड ऊबड़-खाबड़ है। सब्बीर हुसैन एंड ब्रदर्स के सामने चेंबर ऊंचे-नीचे हैं। हितेश ज्वेलर्स के सामने गिट्टी बाहर आ रही है। कारंजा से श्रीराम चौक तक चेंबर गलत स्तर पर हैं। अडानी गैस लाइन के गड्ढे भी खुले पड़े हैं। गुरुद्वारा के सामने गहरे गड्ढों से बसों को खतरा है।

### सुधार कार्य के लिए कई बार जारी किए है नोटिस

सीवेज निर्माण में मुख्य मार्ग और गलियों में 2 से अधिक किमी तक का काम बाकी है। एजेंसी ने 90 प्रतिशत काम पूरा होने की जानकारी दी है। बचे काम और सुधार को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कुछ जगह गुणवत्ताहीन काम की शिकायत मिली है। पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई है। एजेंसी को तत्काल सुधार का कई बार नोटिस जारी किया है। प्रोजेक्ट मैनेजर को भी नोटिस दिया जाता है। दो दिन पूर्व ही प्रोग्रेस, पेयजल लाइन को सुधार कार्य सहित नए कार्य को ना शुरू करते हुए पुराने काम को शुरू करने के लिए नोटिस जारी किया है।

**पुष्पराज अजनारे, नपा उपयंत्री बड़वानी।**

### गरुड़ पोर्टल से होगी एसटीपी की निगरानी

गरुड़ पोर्टल से प्रदेश के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग होगी। इससे पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। नगरीय प्रशासन विभाग और एमपीयूडीसी ने यह पहल की है। आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि 42 एसटीपी में एससीएडीए सह ओसीईएमएस प्रणाली लागू हो गई है। अब बीओडी, सीओडी, पीएच और टीएसएस जैसे मापदंडों की लाइव निगरानी होगी। पहले डेटा सिर्फ प्लांट तक सीमित था। प्रदेश में 52 एसटीपी संचालित हैं। शेष 12 एसटीपी का डेटा 30 अप्रैल 2026 तक गरुड़ पोर्टल पर आ जाएगा। इससे सभी प्लांट एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जुड़ जाएंगे।

# जैन बंधुओं ने 243 भटकों को मिलाया

**बड़वानी, ( नवभारत )।** कदवाल जोबट निवासी महिला 5 दिन पूर्व घर से बिना बताए निकल गई, जो भटकते हुए बड़वानी आ गई थी। उत्कृष्ट स्कूल तरफ परेशान महिला को देखकर अनीता डोडवे ने मानवीय आधार पर महिला को पुलिस स्टेशन छोड़ा। सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन व रोटरी क्लब सचिव ललित जैन को सूचना दी। दोनों तत्काल पुलिस थाने पहुंचे।



रात हो रही थी, जिसके चलते जैन बंधू महिला को सुरक्षित स्थान रुकवाने के लिए रेनबसेरे ले गए। जहां झेता बाई की रुकने की व्यवस्था सेवादार सौरभ यादव, राहुल यादव एवं रितेश वास्कले ने की। वहीं पुलिस विभाग के अजमेर सिंह रावत ने महिला के बेटे से संपर्क कर मां के बड़वानी होने की सूचना दी। बुधवार सुबह 10 बजे पुत्र आया और रेनबसेरे से अपनी माता को लेकर गया।

## थाना परिसर में 29 मई को होगी दो पहिया वाहनों की नीलामी

**बड़वानी।** थाना परिसर में धारा 25 पुलिस एक्ट अंतर्गत जब्त दो पहिया वाहन कई कंपनियों के जर्जर एवं कबाड़ हालत ने में रखे हैं। थाना प्रभारी द्वारा जब्तशुदा वाहन एवं लावारिस सामान धारा 25 पुलिस एक्ट अंतर्गत निराकरण के लिए प्रकरण एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किए गए थे। एसडीएम भूपेन्द्र रावत ने पुलिस थाना परिसर में 18 वाहनों के संबंध में 20 अगस्त को उद्घोषणा प्रकाशन कर दावा आपत्ति आमंत्रित किए थे। कोई भी दावा आपत्ति पुलिस थाने में नहीं आई। उक्त जब्त दो पहिया वाहनों की निलामी 29 मई 2026 को सुबह 11 बजे पुलिस थाने में की जाएगी।

# खलघाट में करेंगे चक्काजाम आंदोलन

▶ किसानों की समस्याओं को लेकर करेंगे प्रदर्शन, ब्लॉक कांग्रेस ने की बैठक

**पानसेमल, ( नवभारत )।** भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी के आरोप लगाते हुए खलघाट में होने वाले चक्काजाम की तैयारियों को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी एवं किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीलदार सोलंकी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बनारिया धर्मशाला में पानसेमल बैठक की।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करके ही कार्यकर्ता आगे जा सकता है। इसलिए संगठन की गतिविधियों में सहभागिता करना चाहिए।

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों को खाद बीज एवं फसलों के सही दाम नहीं मिल रहे हैं। किसानों की समस्याओं सहित अन्य मांगों को लेकर खलघाट में प्रदर्शन किया जाएगा और सरकार को जगाया जाएगा। बैठक में जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीलदार सोलंकी, जिला संगठन मंत्री नासिर खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि पाटिल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाषराव शितोले, प्रकाशचंद्र जैन, अशोक मौर्य, दीपू सोलंकी, मदन जमु, दजला सोलंकी, ममता बरडे, उषा मोरे, छगन चौहान, विष्णु बंजारा, चंपालाल नावडे, गोपाल भंडारी, दिलीप पवार, धनराज सिरसाठ, कमलसिंह राजपूत, दारासिंह सोलंकी, नरेंद्र सिकलीकर, कृष्ण पाटिल, जगदीश सेठिया, जगन्नाथ मोरे, नेवरसिंह सिंगोरिया, छगन चौहान, बिंद्रीलाल खेड़कर, युवक कांग्रेस के सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक नजर में

## चांदपुर की पीडीएस दुकान पर कलेक्टर का औचक निरीक्षण, समय पर राशन वितरण के निर्देश



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर ने कट्ठीवाड़ा विकासखंड के चांदपुर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकान संचालक से हितग्राहियों को मिलने वाले राशन की जानकारी ली और मई व जून माह का राशन समय पर वितरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने मौके पर मौजूद हितग्राहियों से भी संवाद कर यह जाना कि उन्हें पिछले महीनों का राशन समय पर मिला या नहीं। उन्होंने मार्च, अप्रैल तथा मई-जून के राशन वितरण की स्थिति की जानकारी ली,जिसमें पाया गया कि राशन वितरण किया गया निरीक्षण के दौरान राशन वितरण में आ रही तकनीकी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इन त्रुटियों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा, नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ई-टोकन से किसान एक साथ कर सकेंगे उर्वरकों की बुकिंग

**आलीराजपुर।** शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के सभी जिलों में अब ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। 05 मई से लागू इस व्यवस्था के तहत किसान अपनी भूमि की पात्रता अनुसार आवश्यक सभी उर्वरकों की पूरी मात्रा एक बार में ई-टोकन के जरिए बुक कर प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा जिले की सभी सहकारी समितियों, मार्कफेड के गोदाम प्रभारियों, समस्त निजी विक्रेताओं सहित कॉमन सर्विस सेंटर्स को इस कार्य के लिए निर्देशित किया गया है। उप संचालक कृषि श्री एस.एस. चौहान ने बताया की अभी जिले में 01 अप्रैल से आज दिनांक तक कुल 110 किसानों द्वारा लगभग 50 मैट्रिक टन उर्वरकों का उठाव ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जा चुका है। अब कृषक एक बार में ही आवश्यक उर्वरक बुकिंग कर टोकन प्राप्त कर सकते हैं। समितियाँ किसानों को ई-टोकन बुक करके अधिक से अधिक उर्वरकों का उठाव कराये। किसान भाई उनकी फसल की आवश्यकतानुसार और अतिरिक्त उर्वरक भी प्राप्त कर सकते हैं। जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है वर्तमान में 5571 मैट्रिक टन यूरिया, 387 मैट्रिक टन डीएपी, 851 मैट्रिक टन एन.पी. के. 3408 मैट्रिक टन एस.एस.पी. एवं 15.450 मैट्रिक टन पोटाश इस प्रकार जिले में लगभग दस हजार दो सौ चौतीस मैट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण उपलब्ध है। कृषक असुविधा से बचने के लिए शीघ्र उर्वरक उठाव करें । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथूर एवं उप संचालक कृषि श्री चौहान द्वारा जिले के समस्त किसान भाईयों से अपील की है कि जल्द से जल्द उर्वरकों का उठाव करें। जिससे बाद में होने वाली असुविधा से बचा जा सकें। किसान भाईयों को जितनी मात्रा में उर्वरकों की आवश्यकता होगी उतनी ही मात्रा में सभी उर्वरक मिलेगा।

# कलेक्टर ने कन्या आश्रम का किया निरीक्षण

**पेटलावद।** कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट द्वारा ग्रीष्मकालीन शासकीय जनजातीय कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम पेटलावद का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, आवासीय व्यवस्था एवं ग्रीष्मकाल में किए जा रहे प्रबंधों की जानकारी प्राप्त की।



कलेक्टर ने आश्रम परिसर का निरीक्षण कर छात्राओं के रहने, भोजन, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. भरसट, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री तनुश्री मीणा एवं सहायक कलेक्टर सुश्री आयुषी बंसल द्वारा छात्राओं से आत्मीय संवाद किया गया। इस दौरान छात्राओं ने अपने भविष्य के लक्ष्यों एवं करियर संबंधी आकांक्षाओं को साझा किया। कई छात्राओं ने डॉक्टर, पुलिस अधिकारी, शिक्षक एवं आईपीएस अधिकारी बनने की इच्छा व्यक्त की। कलेक्टर ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्र की बेटियां भी अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर उच्च पदों तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन एवं नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। एसडीएम एवं सहायक कलेक्टर द्वारा भी छात्राओं को शिक्षा के महत्व, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं बेहतर शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर वे अपने सपनों को साकार कर सकती हैं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अनिल बघेल, बीआरसी रेखा गिरी एवं आश्रम स्टाफ उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों को प्रदान किए जाएंगे नि :शुल्क कृत्रिम अंग

**आलीराजपुर।** नगर में दिव्यांगों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग बांटे जाएंगे। आलीराजपुर में परमार्थ निकेतन, ऋषिकेष एवं महावीर सेवा सदन, कोलकाता परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, अध्यक्ष, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेष की प्रेरणा से आयोजन किया जाएगा। जायंट्स ग्रुप ऑफ इंदौर, महावीर सेवा सदन कोलकाता के द्वारा सहयोग गार्डन आलीराजपुर में आज से 11 मई तक परीक्षण और कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण का विशाल शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, शाखा आलीराजपुर एवं टीम रक्तदूत आलीराजपुर के सौजन्य से किया जा रहा है। इस शिविर का समय प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक है। इस शिविर में डॉक्टर द्वारा 3 दिन तक मरीजों को चैक किया जायेगा, इसके बाद मेजरमेंट लेकर मरीजों के प्रत्यारोपण के कृत्रिम अंग यही पर बनाये जायेंगे। उसके बाद कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण भी यही होगा। यह शिविर नि:शुल्क रहेगा। इस कार्यक्रम के सहयोगी सामाजिक न्याय एवं नि:शुक्त जनकल्याण विभाग है। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, शाखा आलीराजपुर एवं टीम रक्तदूत आलीराजपुर के सदस्यों ने बताया कि जिन दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग हाथ-पैर केलीपर्स की जरूरत होगी, उसका मेजरमेंट लेकर यही पर बनाकर, उन्हें निशूल्क लगाये जायेंगे। इस शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांगजन अपना रजिस्ट्रेशन कराकर इस सेवा का लाभ लेने की अपील की है।

एक नजर में ▶ पुलिस और परिवहन विभाग को चालानी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# ओवरलोडिंग पर कलेक्टर सख्त, मौके पर रोका वाहन

**आलीराजपुर। कट्ठीवाड़ा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर नीतू माथुर ने ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक वाहन को रास्ते में रुकवाकर कार्रवाई की। उन्होंने वाहन चालक को ओवरलोडिंग करने पर कड़ी फटकार लगाई और वाहन के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस तथा फिटनेस प्रमाण पत्र की जांच की, जो चालक के पास उपलब्ध नहीं पाए गए।**



कलेक्टर माथुर ने वाहन में सवार यात्रियों को भी एक-एक कर नीचे उतरवाया और उन्हें समझाइश दी कि ओवरलोडिंग वाहन में सफर करना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे वाहनों में यात्रा न करें और यातायात नियमों का पालन करें। मौके पर चांदपुर थाना प्रभारी श्री दिलीप चंदेल को बुलाकर वाहन के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर नीतू माथुर ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी निधि मिश्रा, नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर नीतू माथुर ने जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

### अपनी मौजूदगी में कट्ठीवाड़ा में मकानों की कराई ऑनलाइन गणना

**आलीराजपुर । जिले में भी जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा निर्धारित जनगणना कार्यक्रम के तहत जनगणना का प्रथम चरण जारी है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर ने कट्ठीवाड़ा में चल रहे जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया।**

उन्होंने कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में प्रगणकों द्वारा की जा रही जनगणना की वस्तुस्थिति जानी। साथ ही अपनी मौजूदगी में प्रगणक द्वारा मकान सूचीकरण की ऑनलाइन गणना कराई। प्रगणक द्वारा उनसे 34 सवाल पूछे गए जिनका जवाब मकान के सदस्य द्वारा दिया गया और प्रगणक द्वारा जानकारी ऑनलाइन प्रविष्ट कर उनकी गणना पूर्ण की।

जनगणना के प्रथम चरण में भरी जा रही है यह जानकारी

जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का काम किया जायेगा। जिसमें 34 बिंदुओं में जानकारी संकलित होगी। इसमें भवन व मकान नम्बर सहित मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, मकान किराए का है अथवा स्वयं का, कमरों की संख्या, परिवार के विवाहित दम्पत्तियों की संख्या, पेयजल के मुख्य स्त्रोत, पेयजल स्त्रोतों की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की सुगमता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था, परिसर के अंदर स्नान की सुविधा, रसोई घर व एलपीजी-पीएनजी कनेक्शन, खाना पकाने के लिये प्रयुक्त मुख्य ईंधन, रेडियो/ट्रांजिस्टर व टेलीविजन की उपलब्धता, इंटरनेट सुविधा, लेपटॉप/कम्प्यूटर की उपलब्धता, टेलीफोन, मोबाइल फोन व स्मार्ट फोन इत्यादि की उपलब्धता, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप व वैन, परिवार द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले अनाज, मसलन चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का व अन्य खाद्यान्न एवं मोबाइल फोन इत्यादि जानकारी शामिल है।